जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965


साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 59 | अंक-8 | जयपुर, सोमवार, 27 फरवरी, 2023 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## मुख्यमंत्री ने दी स्वीकृति- राजकीय कन्या महाविद्यालय, सांगानेर के लिए 2.43 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बजट

### राज्य में 36 कन्या महाविद्यालय खोलने की हुई थी घोषणा

**जयपुर (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजकीय कन्या महाविद्यालय, सांगानेर के भवन निर्माण हेतु 2.43 करोड़ रुपए के अतिरिक्त बजट प्रावधान को मंजूरी दी है। इस राशि सहित महाविद्यालय का निर्माण अब कुल 6.93 करोड़ रुपए की लागत से होगा। गहलोत की इस स्वीकृति से महाविद्यालय के लिए आवंटित भूमि में भवन निर्माण के लिए अतिरिक्त मिट्टी भराई, फुटिंग एवं कॉलम संबंधी कार्य हो सकेंगे। यह महाविद्यालय सांगानेर क्षेत्र में टोंक रोड बम्बाला पुलिया के पास बनेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री की बजट घोषणा वर्ष 2022-23 में राजकीय कन्या महाविद्यालय, सांगानेर सहित 36



कन्या महाविद्यालयों के भवन निर्माण हेतु प्रति महाविद्यालय 4.50 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई थी। राजकीय कन्या महाविद्यालय, सांगानेर की अतिरिक्त आवश्यकता के दृष्टिगत 2.43 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बजट स्वीकृत किया गया है।

## सीएम योगी ने कहा माफियाओं को मिट्टी में मिला दूंगा

### प्रयागराज शूटआउट पर विधानसभा में दो टूक जवाब

**उत्तरप्रदेश (हमारा वतन)।** विधायक राजू पाल हत्या कांड के गवाह उमेश पाल और उनके गनर की हत्या के मुद्दे को लेकर सरकार पर हमलावर विपक्ष को शनिवार को मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में करारा जवाब देते हुए कहा कि माफिया कोई भी हो उसे मिट्टी में मिला दिया जाएगा। उन्होंने गुजरात की साबरमती जेल में बंद अतीक अहमद का नाम लिए बगैर कहा कि प्रयागराज की घटना दुःखद है। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा माफियाओं को संरक्षण देने का काम किया। अतीक का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा कि प्रयागराज की घटना के लिए जिम्मेदार माफिया को भी सपा ने विधायक और सांसद बनाने का काम किया था। अपराध इनकी रग-रग में बसा है। सीएम



योगी ने कहा कि यूपी में माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई नजीर बनी है। इस मामले में भी सरकार कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी। सरकार माफियाओं को मिट्टी मिलाएगी ही लेकिन किसी को चोरी और सीनाजोरी करने की इजाजत नहीं है। चोरी और सीनाजोरी एक साथ नहीं चलेगी। सरकार ने माफियाओं की कमर तोड़ दी है। सीएम ने कहा कि माफियाओं को समाजवादी पार्टी ने पाला है।

## सोनिया गाँधी ले सकती हैं राजनीति से रिटायरमेंट

### पार्टी के रायपुर अधिवेशन में बोलीं- भारत जोड़ो यात्रा के साथ मेरी पारी समाप्त हो सकती है

**छत्तीसगढ़ (हमारा वतन)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में चल रहे कांग्रेस के 85वें अधिवेशन में पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने राजनीति से रिटायरमेंट का इशारा कर दिया। सोनिया ने शनिवार को अपने संबोधन में कहा- भारत जोड़ो यात्रा के साथ ही मेरी राजनीतिक पारी अब अंतिम पड़ाव पर है। सोनिया ने पहली बार पार्टी अध्यक्ष की कुर्सी संभालने से लेकर अब तक आए उतार-चढ़ाव को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा- 1998 में जब मैं पहली बार पार्टी अध्यक्ष बनी तब से लेकर आज तक यानी पिछले 25 सालों में बहुत कुछ अच्छा और कुछ बुरा अनुभव भी रहा। 2004 और 2009




में पार्टी का परफॉर्मेंस हो या फिर मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाने का मेरा निर्णय। यह व्यक्तिगत तौर पर मेरे लिए संतोषजनक रहा। इसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं का मुझे पूरा सहयोग मिला। जिस बात से मुझे सबसे ज्यादा संतुष्टि है, वह ये कि भारत जोड़ो यात्रा के साथ अब मेरी पारी समाप्त हो सकती है। ये पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है।

## स्कूलों को अब बनना होगा विशेष योग्यजन बच्चों के अनुकूल:शर्मा

जयपुर(नि.सं.)। विशेष योग्यजन राज्य आयुक्त उमाशंकर शर्मा ने विशेष योग्यजन विद्यार्थियों के कानूनी अधिकारों और योजनाओं की पालना की जांच के लिए स्कूलों के निरीक्षण का विशेष अभियान आरंभ किया किया है। शर्मा के नेतृत्व में अभियान की शुरुआत उदयपुर से हुई। शर्मा ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा बाल अधिकारिता विभाग की संयुक्त टीम द्वारा उदयपुर शहर के 3 स्कूलों के निरीक्षण के साथ इसकी शुरुआत हुई। सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों के भवनों एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जा रहा है।



## आर सी मिशन स्कूल वड़ताल में क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**गुजरात (हमारा वतन)।** आर सी मिशन स्कूल वड़ताल में कक्षा 7 व कक्षा 8 के विद्यार्थियों के बीच क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शाम 4:15 बजे सहयोग विद्यालय के शिक्षक मित्र राजेशभाई परमार, कक्षा आठ के शिक्षक डॉ. शैलेश वानिया शैल उपस्थित रहे । कक्षा 8 के कप्तान धुवेन परमार, कक्षा 7 के कप्तान एरिक पटेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी टीम ने 6 ओवर में सात विकेट खोकर 34 रन बनाए। वर्ग आठ की टीम को जीत के लिए 35 रनों का पीछा कर रही थी ।

आखिरी ओवर में जीत के लिए दो गेंदों में दो रन चाहिए थे। पांच वीं गेद पर धुवेन आउट हुए, एक गेद मे दो रन चाहीये थे आखरी गेंद खेलने आये रॉबिन ने जोरदार चोका मारा मेच अपने नाम कर लिया । रॉबिन को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मैच धमाके के साथ समाप्त हुआ। बच्चे के चेहरे पर खुशी देखने को मिली बच्चों ने तहे दिल से डॉ. शैलेष वाणिया शैल सर का आभार व्यक्त किया।

## ब्राह्मण समाज ने मनाया पान वाले बाबा का जन्मदिन

**जयपुर (हमारा वतन)।** ब्राह्मण समाज द्वारा श्री श्री 108 गिरधारी दासजी महाराज पान वाले बाबा का जन्मदिन समाजसेवी प्रदीप शर्मा एवं गोपाल शर्मा के नेतृत्व में राधे कलेक्शन मुरलीपुरा पर मनाया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवारी ने बताया की विप्र कल्याण बोर्ड उपाध्यक्ष मंजू शर्मा एवं समाजसेवी राजेंद्र शर्मा के साथ सभी समाज बंधुओं ने बाबा का माल्यार्पण कर, शाल ओढ़ाकर सम्मान किया । पान वाले बाबा का व्यक्तित्व हमेशा



प्रेरणादाई रहा है , इन्होंने वृक्षारोपण, गौ सेवा व सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने का कार्य किया है । इस दौरान नगेंद्र वशिष्ठ, लोक चंद हरीरामानी, गोपाल जांगिड़, संजय विजय, दीपक विजय रामजीलाल, रेखा शर्मा, नेहा शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे ।

## भाजपा नेत्री शिल्पी सैनी के जन्मदिन पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**जयपुर (हमारा वतन)।** भारतीय जनता पार्टी की जिला मीडिया प्रभारी, अखिल भारतीय सैनी माली संस्थान की राष्ट्रीय अध्यक्ष और ऑल इंडिया दुकानदार महासंघ की प्रदेश उपाध्यक्ष शिल्पी सैनी के जन्मदिन पर आज 27 फरवरी को सामाजिक सरोकार से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे । शिल्पी सैनी ने बताया कि जन्मदिन पर दिन की शुरुआत बड़ों का आशीर्वाद लेकर होगी, इसके बाद मंदिर में दर्शन किए जाएंगे, फिर बेजुबानों को चारा और दाना पानी डाला जाएगा । इसके बाद प्रातः 11:30 निर्माण नगर स्थित आरजे 14 रेस्टोरेंट से विशाल कार और बाइक रैली भी निकाली



जाएगी । शाम को नारायण सिंह सर्किल स्थित पिंक सिटी प्रेस क्लब में सांस्कृतिक कार्यक्रम और केक कटिंग का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा । कार्यक्रम को खुशबू कपूर होस्ट करेंगी ।



## जयपुर में हुई आनंदा डेयरी के प्रोसेसिंग प्लांट की भव्य लॉन्चिंग

# आनंदा डेयरी से सैकड़ों लोगों को मिलेगा रोजगार

### राजस्थान में नए आयाम स्थापित करेगी आनंदा डेयरी






**जयपुर (हमारा वतन)।** दिल्ली की प्रसिद्ध आनंदा डेयरी ने जयपुर में अपने एक नए प्लांट की शुरुआत की है । प्लांट का उद्घाटन कार्यक्रम राजधानी जयपुर के एक निजी होटल में संपन्न हुआ । आनंदा डेयरी के चेयरमैन डॉ. राधेश्याम दीक्षित ने अपने कर कमलों से प्लांट का उद्घाटन किया । इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री कृष्ण की मूर्ती पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर की गयी । इसके बाद सभी अतिथियों को माला पहनाकर और राजस्थान की आन बान और शान साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया । लॉन्चिंग कार्यक्रम में पधारे सभी डिस्ट्रीब्यूटर्स का भी साफा पहनाकर सम्मान किया गया ।

आनंदा डेयरी के चेयरमैन डॉ. राधेश्याम दीक्षित ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि जयपुर के इस प्लांट के उद्घाटन से रोजगार की नई संभावनाएं पैदा होंगी, सैकड़ों लोगों को रोजगार मिलेगा । आनंदा डेयरी से पहले ही 3 लाख किसान जुड़े हुए हैं । करीब 6 हजार गांवों से दूध खरीदा जाता है। आनंदा डेयरी ने किसानों के बीच व्यवसायिक नहीं एक खास रिश्ता कायम किया है । राजस्थान में गुलाबी नगरी से हमने यहाँ कदम रखा है, हमें पूरा विश्वास है की राजस्थान में भी आनंदा डेयरी नए आयाम स्थापित करेगी। आनंदा डेयरी के डायरेक्टर सूरज दीक्षित ने बताया कि जयपुर प्लांट में मुख्यतः दूध और पनीर का उत्पादन होगा ।इसकी क्षमता 5 लाख लीटर प्रतिदिन होगी और यह प्लांट टेट्रा पैकिंग टेक्नोलॉजी से लैस होगा। इससे पहले आनंदा डेयरी का दूध प्रोसेसिंग प्लांट दिल्ली एनसीआर में स्थित हैं । इसके 5 प्लांट पिलखुवा, सियाना, गजरौला, कानपुर और रायबरेली में भी हैं । आनंदा डेयरी हमेशा अपने उत्पादों के द्वारा ग्राहकों को उच्चतम अनुभव कराती है , इसके उत्पादन के दौरान सारे मानकों का ध्यान रखकर गुणवत्तापूर्ण उत्पाद बनाए जाते हैं ।

बिजनेस हेड रविंद्र पांडे ने बताया कि आनंदा डेयरी का अपना डेरी फॉर्म का नेटवर्क भी है, जिसमें उच्च कोटि का दूध प्रोक्योर होता है । इस प्लांट के कारण किसानों की आमदनी में काफी वृद्धि हो रही है । आनंदा डेयरी किसानों को पेमेंट उनके अकाउंट में डिजिटली करती है । जीएम सीबी शुक्ला ने बताया कि आनंदा डेयरी सस्टेनेबल डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत किसानों को अपने पशुओं की नस्ल सुधारने में भी मदद करती है । इसके लिए आनंदा डेयरी हर गांव में पशु चिकित्सकों की सुविधा मुहैया करवा रही है । आनंदा डेयरी वोकल फॉर लोकल का विशेष ध्यान रखते हुए अपने उत्पादों को अन्य कई देशों में भी निर्यात कर रही है। पिलखुवा स्थित प्रोसेसिंग प्लांट में बने कई उत्पादों को लगातार निर्यात किया जा रहा है । लॉन्चिंग के दौरान राजस्थान हेड सोनू रावत और जयपुर टीम के गोविन्द सैनी, पूरण मल सैनी ,सुरेन्द्र त्यागी और विष्णु सहित राजस्थान के सभी डिस्ट्रीब्यूटर्स मौजूद रहे ।

## विधायक शर्मा ने किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास



**जयपुर (हमारा वतन)।** ग्राम पंचायत धोबलाई में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत सड़क का विधायक रामलाल शर्मा और पंचायत समिति प्रधान रामस्वरूप यादव ने शिलान्यास किया। 43.50 लाख रुपये की लागत से बनने वाली धोबलाई से सिंगोद सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण होगा। शिलान्यास समारोह में पहुँचे विधायक रामलाल शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों का ग्रामवासियों द्वारा माला एवं साफ़ा पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य से स्थानीय निवासियो को आवागमन में सुविधा मिलेगी। विकास कार्यों में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। पंचायत समिति प्रधान रामस्वरूप यादव ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत समिति द्वारा क्षेत्र में समान रूप से विकास कार्य करवाये जाएँगे। इस मौके पर धोबलाई सरपंच रमेश शर्मा, उपप्रधान प्रतिनिधि जयप्रकाश चौधरी, पवन चोपड़ा, मोहन बराला, जितेंद्र सिंह, सिंगोद कला सरपंच प्रतिनिधि सुरेश सैनी, जिला परिषद सदस्य कमलेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।




## केजरीवाल व भगवंत मान की तिरंगा रैली के लिए सेंट्रल टीम सदस्य ने ली मीटिंग

**चौमूं (हमारा वतन)।** जयपुर रोड स्थित माया होटल पर आम आदमी पार्टी के सेंट्रल टीम सदस्य रजनीश ने जयपुर में 13 मार्च को होने वाली तिरंगा रैली के बारे में जायजा लिया और कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए। सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि जयपुर में तिरंगा रैली ऐतिहासिक होगी। इसके लिए विधानसभा के सभी कार्यकर्ताओं ने कमर कस ली है और चौमूं विधानसभा व आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोग ऐतिहासिक तिरंगा रैली में पहुंचेंगे। आम जनता अरविंद केजरीवाल व भगवंत मान के द्वारा किए गए जनता के कल्याणकारी कार्यों के स्वयं साक्षी बनना चाहती है, जिसके लिए वे तिरंगा रैली में पहुंचकर अपना योगदान देंगे।

मीटिंग में आप पार्टी चौमूं व फुलेरा के कोऑर्डिनेटर कालूराम अग्रवाल भी मौजूद रहे । मीटिंग को रजनीश, कालूराम अग्रवाल, ओम प्रकाश कुमावत (पूर्व उप प्रधान) द्वारका प्रसाद कुमावत, बनवारी लाल शर्मा, पुष्कर सामोता ने संबोधित किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं में राजेंद्र, दिलखुश, बाबूलाल, भवानी कुमावत, सुभाष यादव, सुनील शर्मा, धर्मेंद्र, रामस्वरूप व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## हरिद्वार में सहायता समूह से अभिलाषा कार्यक्रम के अंतर्गत हुए कई कार्यक्रम

**देहरादून (हमारा वतन)।** रा. उ. मा. वि. बिझौली वि.ख. नारसन हरिद्वार में सहायता समूह से अभिलाषा कार्यक्रम के अंतर्गत अमेरिका के कैलीफोर्निया राज्य के पूर्व रोटेरियन गवर्नर मन्जूर मसीह, सेवंथ डे पब्लिक स्कूल व एडविंटिस्ट के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मुकेश मसीह, मानिआरटी आयोग उत्तराखण्ड की सदस्या सीम जावेद तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में विद्यार्थियों ने प्रभावशाली प्रस्तुति दी। डॉ.कमल कांत बरुआ ने कार्यक्रम में कुशल मंच संचालन किया। स. अ. अशोक पाल सिंह ने अपने अनुभवों को साझा किया। कक्षा दस के छात्र मुहम्मद सादिक ने अतिथियों का विद्यालय की आवश्यकताओं की ओर ध्यानाकर्षण किया। अतिथियों ने सम्पूर्ण विद्यालय का अवलोकन कर वरीयता आधार पर सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। समापन से पूर्व प्रधानाध्यापक नीरज नैथानी ने समस्त अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।

## कृष्ण कुमार सैनी ने विश्व रिकॉर्ड के साथ की कन्याकुमारी से कश्मीर तक की पदयात्रा



**हरियाणा (हमारा वतन)।** इरादे मजबूत और हौसलें बुलंद हो तो कठिन रास्ते भी आसान लगते है । अपने इन्हीं मजबूत इरादों और बुलंद हौसलों की बदलौत जिले के एक युवा ने नया इतिहास रच दिया है । हरियाणा निवासी कृष्ण कुमार सैनी ने कन्याकुमारी से कश्मीर लगभग 3600 किमी का सफर 50 दिन में तय किया है। इसके साथ ही वे कन्याकुमारी से कश्मीर पैदल सबसे कम समय में तय करने वाले शख्स बन गए है । सैनी ने बताया कि 5 जनवरी को कन्याकुमारी स्थित महात्मा गांधी स्मारक से अपनी पदयात्रा की शुरुवात की थी और 24 फरवरी को श्रीनगर के लाल चौक पहुंचकर संपन्न की। उन्होंने 12 राज्यों से गुजरकर 36 सौ किमी का सफर तय करते हुए 50 दिन 04 घंटे में अपनी पदयात्रा पूरी की है । एक भारत श्रेष्ठ भारत नारे के साथ उन्होंने यह पदयात्रा की है। पदयात्रा के मकसद के बारे में सैनी ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत एक भारत श्रेष्ठ भारत नारे के साथ उन्होंने अपनी पदयात्रा की है । उन्होंने कहा कि दुनिया में भारत एक है और सर्वश्रेष्ठ भी है। सैनी ने बताया कि अब वे जल्द ही अपनी पदयात्रा से जुड़े दस्तावेज गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड को भेजने वाले हैं । यदि सब कुछ ठीक रहा तो ये रिकॉर्ड उनके नाम दर्ज हो सकता है ।

## रंग राजस्थान उत्सव में चेयरमैन इकराम राजस्थानी का हुआ सम्मान



**जयपुर (हमारा वतन)।** जयपुर शहर के जवाहर कला केंद्र में आयोजित रंग राजस्थान उत्सव में सुप्रसिद्ध कवि, लेखक, अनुवादक और पंडित जवाहरलाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी के चेयरमैन इकराम राजस्थानी का सम्मान किया गया । राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग (प्राथमिक और माध्यमिक) संस्कृत शिक्षा, कला, साहित्य, संस्कृति कैबिनेट मंत्री बीडी कल्ला ने इकराम राजस्थानी को शॉल ओढ़ाकर और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया ।

## जॉब्स

1. जिप्मेर, पद जूनियर एडमिनिस्ट्रेटिव असिस्टेंट, स्टेनोग्राफर व अन्य, पद संख्या 80, अंतिम तिथि 28 मार्च 2023
2. संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), पद ईओ,एओ, एपीएफओ, अंतिम तिथि 17 मार्च 2023
3. बैंक ऑफ बड़ौदा, पद एओ, पद संख्या 500, अंतिम तिथि 14 मार्च 2023
4. इंडियन एयरफोर्स, पद वायु अग्निवीर, पद संख्या घोषित नहीं, अंतिम तिथि 31 मार्च 2023
5. हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन, पद टीजीटी, पद संख्या 7471, अंतिम तिथि 15 मार्च 2023
6. जेएनयू दिल्ली, पद जूनियर असिस्टेंट, स्टेनोग्राफर, एमटीएस व अन्य, पद संख्या 388, अंतिम तिथि 10 मार्च 2023
7. यंत्र इंडिया लिमिटेड ऑर्डिनेंस फैक्ट्री, पद ट्रेड अप्रेंटिस, पद संख्या 5395, अंतिम तिथि 28 मार्च 2023
8. असम राइफल्स टेक्निकल एंड ट्रेड मैन, पद क्लर्क व रेडियो ऑपरेटर व अन्य, पद संख्या 617, अंतिम तिथि 19 मार्च 2023




## जब धर्मेंद्र की पहली पत्नी के साथ रिश्ते पर बोली थीं हेमा मालिनी, कहा- कैसे टॉर्चर कर सकते हैं...

हेमा मालिनी और धर्मेंद्र के मोहब्बत के किस्से आज भी मशहूर हैं। हेमा मालिनी से शादी के लिए धर्मेंद्र ने अपना धर्म बदला था। वह पहले से शादीशुदा थे और यही वजह थी कि उन्होंने कभी पहली पत्नी प्रकाश कौर को तलाक नहीं दिया। धर्मेंद्र और प्रकाश कौर के चार बच्चे हैं- सनी देओल और बॉबी देओल को तो सभी जानते हैं, उनकी दो बेटियां अजीता और विजेता हैं। दोनों लाइमलाइट से दूर रहती हैं। धर्मेंद्र की पहली पत्नी के बारे में बात करते हुए हेमा मालिनी ने कहा था कि वह अपने रिलेशनशिप को लेकर बहुत सिक्योर महसूस करती हैं और कोई जलन की भावना नहीं रखतीं।



**'छोटी-छोटी बातों के लिए जगह नहीं'**- हेमा मालिनी और धर्मेंद्र Rendezvous with Simi Garewal शो में पहुंचे थे। जब सिमी गरेवाल ने ड्रीम गर्ल से पूछा कि क्या उन्हें कभी भी जलन हुई कि उनके पति की एक और पत्नी हैं तो हेमा मालिनी तुरंत मना करती हैं। वह कहती हैं, 'नहीं कभी भी नहीं, यही वजह है कि मैं सबसे खुश इंसान हूं।' हेमा मालिनी ने आगे कहा, 'प्यार में आप केवल देने वाले होते हैं और चीजों की मांग नहीं करते। आप उस व्यक्ति से बहुत प्यार करते हैं और आपको भी उतना ही प्यार है तो आप इन छोटी-छोटी बातों के लिए कैसे टॉर्चर हो सकते हैं?'

**'प्यार में सम्मान देना जरूरी'**-हेमा मालिनी कहती हैं, 'यही वजह है कि मैंने कभी उन्हें (धर्मेंद्र) परेशान या टॉर्चर नहीं किया। मैं चाहती हूं कि प्यार बना रहे इसलिए हम आज भी एक दूसरे से प्यार करते हैं, हमारे बीच कुछ भी नहीं आ सकता है। मैं उनकी समस्याओं को समझती हूं इसलिए हर चीज को उसके हिसाब से एडजस्ट कर लेती हूं जिसके लिए वह मुझसे ज्यादा प्यार करता है। जब मैं इतना देती हूं तो आपको बहुत कुछ मिलता है। तो वो प्यार है। आपको प्यार को सम्मान देना होगा।'

## ब्लैक मोनोकनी में भोजपुरी सेंसेशन मोनालिसा, बेडरूम से सामने आई फोटो



भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा अपने वर्कफ्रंट से ज्यादा सोशल मीडिया पर लुक्स से चर्चा रहती हैं। मोनालिसा इंस्टाग्राम पर अपनी हॉटनेस से इंटरनेट का पारा बढ़ाती रहती हैं। उन्होंने इस बार बेडरूम से लेटेस्ट फोटो पोस्ट की है जिसमें वह अपनी कातिल अदाएं बिखेर रही हैं। 40 साल की मोनालिसा को देखकर कोई भी उनकी उम्र का अंदाजा नहीं लगा सकता। इसके लिए वह जिम में भी जमकर पसीना बहाती हैं। कई बार वह वर्कआउट करते हुए वीडियो शेयर करती रहती हैं। अब उन्होंने बेडरूम से फोटो पोस्ट किया है।

**फैन्स ने बताया पावरफुल सोल**-मोनालिसा ने ब्लैक कलर की शीयर डीपनेक मोनोकनी पहनी है। उनकी मोनोकनी में दोनों साइड में कट है। बेड पर बैठे हुए वह दूसरी तरफ देख रही हैं और पोज दे रही हैं। फोटो के साथ मोनालिसा ने कैप्शन दिया, 'मॉर्निंग्स।' उनके इस पोस्ट पर फैन्स के भी जमकर कमेंट्स आ रहे हैं। एक फैन कहते हैं, 'आप पहले से ज्यादा फिट लग रही हैं एक ने कहा, 'पावरफुल सोल।' एक यूजर ने लिखा, 'इट्स हॉट।'

**स्विमिंग पूल किनारे शेयर की थीं फोटोज**-इससे पहले मोनालिसा ने स्विमिंग पूल के किनारे से फोटोज शेयर की थीं। वह पानी में इठलाती दिखीं। मोनालिसा ने ग्रीन कलर की बिकिनी पहनी हुई था।

## होने वाली बहू तेजस्वी प्रकाश को मिला अवॉर्ड, करण कुंद्रा के पापा ने कहा- तेजू मुझे गर्व है

बिग बॉस सीजन 15 से तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा की जोड़ी लाइमलाइट में बनी हुई है। दोनों अक्सर अपने-अपने अंदाज से सुर्खियां बंटोरते रहते हैं। इनके पेरेंट्स भी एक-दूसरे को लेकर अक्सर अपनी खुशी जाहिर करते दिखाई देते हैं। एक बार फिर होने वाले ससुर ने तेजस्वी प्रकाश की तारीफ की। जब उन्हें दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड से नवाजा गया। इससे न सिर्फ करण कुंद्रा को गर्व महसूस हुआ बल्कि उनके पापा भी होने वाली बहू की इस अचीवमेंट से गदगद हो गए।दरअसल, 20 फरवरी, 2023 को दादासाहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड 2023 के लिए एक इवेंट हुआ, जिसमें तमाम दिग्गज कलाकार रेड कार्पेट पर स्पॉट हुए। इसमें तेजस्वी प्रकाश भी पहुंची। उन्हें बेस्ट एक्ट्रेस कैटगरी में ये सम्मान दिया गया, जिसके बारे में उनके बॉयफ्रेंड और तेरे इश्क में घायल एक्टर करण कुंद्रा ने वीडियो के माध्यम से इसकी जानकारी फैन्स को दी है। वहीं, उन्होंने इस पर अपने पापा का भी रिएक्शन रिकॉर्ड किया है और इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया है।



**करण कुंद्रा के पापा ने दी तेजस्वी को बधाई-** वीडियो में करण कुंद्रा वीडियो बनाते हुए पापा के पास जाते हैं और कहते हैं- सुनो... तेजू को दादासाहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड मिला है बेस्ट एक्ट्रेस के लिए। इस दौरान एक्टर के पिताजी अपना हेयरकट करवाकर बस फ्री ही हुए होते हैं और ये गुडन्यूज सुनकर खुश हो जाते हैं कहते हैं- तेजू मुझे तुम पर गर्व है। तो करण कहते हैं कि मुझे भी है तो उनके पापा बोलते हैं कि उसे कम है, मुझे ज्यादा है। ये अवॉर्ड फिल्म इंडस्ट्री का बहुत अच्छा अवॉर्ड है। बड़े-बड़े लोगों को ये अवॉर्ड नहीं मिलता है। लेकिन वो लकी है कि उसे इतनी कम उम्र में ये हासिल किया है। भगवान की कृपा बनी रहे।

**तेजस्वी प्रकाश ने सबको कहा थैंक यू**-बता दें कि तेजस्वी प्रकाश को ये अवॉर्ड नागिन 6 के लिए मिला है। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर सभी का शुक्रिया अदा भी किया है। लिखा है-नागिन 6 को प्यार देने के लिए आप सभी को थैंक यू।

## Plank Exercise

## बैली फैट कम कर कोर मसल्स टोंड करने की सुपर इफैक्टिव एक्सरसाइज है प्लैंक

कुछ खास तरह की एक्सरसाइज आपके खास मसल्स पर फोकस करती हैं। कोर मसल्स के लिए प्लैंक ऐसी ही एक खास एक्सरसाइज है। जो पेट की चर्बी की छुट्टी कर सकती है। पेट की चर्बी किसी को पसंद नहीं होती। हर किसी को फ्लैट पेट और टोंड बॉडी चाहिए होती है। पेट की चर्बी को कम करने के लिए प्लैंक एक्सरसाइज सबसे प्रभावशाली मानी जाती है। क्या है प्लैंक एक्सरसाइज और इसे करने सही तरीका क्या है, आइए जानते हैं इस बारे में सब कुछ। लोगों को पेट और कमर के आस-पास जमी हुई चर्बी अच्छी नहीं लगती। इससे उनका लुक भी खराब होता है और शर्मिंदगी भी होती है, तो आपको लिए प्लैंक काफी फायदेमंद होगा क्योंकि इससे आपकी पेट की चर्बी कुछ ही समय में खत्म हो जाएगी। लेकिन अगर प्लैंक को ठीक तरह से नहीं किया जाए तो ये आपको कोई फयदा नहीं देगा इसलिए आपको इसे सही तरीके से करना बहुत जरूरी है।



**सुपरइफेक्टिव एक्सरसाइज है प्लैंक**-प्लैंक देखने से लगता है कि यह बहुत ही आसान है, लेकिन अपने पूरे शरीर का भार पैरों के पंजो और आर्म्स पर डालना और बैलेंस करना इतना भी आसान नहीं है। यह तब तक संभव नहीं है, जब तक आपकी कोर मसल्स टोंड नहीं हो जाती। इसलिए प्लैंक होल्ड करना शुरुआत में चुनौतीपूर्ण लग सकता है। प्लैंक की सही पोजीशन और बैलेंस सीखने में काफी समय लग जाता है।प्लैंक पर 2015 में एक स्टडी हुई थी, जिसमें ये बताया गया था कि सिट अप्स और क्रंचेज से ज्यादा फायदेमंद प्लैंक एक्सरसाइज है। प्लैंक एक्सरसाइज न केवल पेट की चर्बी कम करती है, बल्कि इससे पीठ, लैग्स और एंकल की मांसपेशियां भी मजबूत होती हैं।

**धीरे-धीरे करे शुरुआत**-वर्कआउट से पहले अपने कोर को वार्म आप करने के लिए प्लैंक करना सही है। हालांकि, आप अपने कोर को पूरी तरह से थकान नहीं चाहते हैं क्योंकि इसे आपके वर्कआउट के दौरान मजबूत और अन्य मूवमेंट के लिए तैयार होना पड़ता है। इसलिए आपको प्लैंक टू डाउनवर्ड डॉग, इंचवर्म, हाई प्लैंक और लो प्लैंक जैसे चीजें करनी चाहिए जो थोड़े समय के लिए और बार-बार किए जाते है।

हर सप्ताह आपको प्लैंक करना चाहिए, धीरे-धीरे इसका समय बढ़ाते हुए और तरीकों के साथ स्विच करते रहना चाहिए। यदि आप पहली बार प्लैंक शुरू कर रहे हैं, तो आपको ये ज्यादा कठिन लग सकता है। इसलिए यह सुनिश्चित करें कि अपने शरीर पर अधिक भार न डालें। धीरे-धीरे आगे बढ़ने की कोशिश करें पहली बार में ही ज्यादा करने की कोशिश न करें। पहले सप्ताह में 15 सेकंड से शुरू करें और धीरे-धीरे बढ़ाकर 59 सेकंड करें।दूसरे सप्ताह के दौरान, धीरे-धीरे समय को 59 सेकंड से बढ़ाकर 90 करें।तीसरे सप्ताह और समय बढ़ाने की कोशिश करें और 90 से बढ़ाकर 120 सेकंड करें।



## बहार का मौसम आपको बीमार कर रहा है? अगर हां, तो ये टिप्स करेंगे आपकी सुरक्षा

दुनिया भर में लाखों लोग पोलन सीजन यानी बहार के मौसम में सर्दी-जुकाम और फ्लू से ग्रस्त होते हैं। इसे असल में पोनल एलर्जी कहा जाता है, जिससे बचाव जरूरी है।सर्दियों के बाद, बहार का यह मौसम किसी का भी मन मोह लेता है। पर क्या आपने ध्यान दिया कि इन दिनों हवा में बहुत महीन कण उड़ते हुए नजर आते हैं। असल में ये पराग गण हैं, जो फूलों के खिलने के दौरान निकलते हैं और हवा में शामिल हो जाते हैं। ज्यादातर लोगों को जहां इनसे कोई फर्क नहीं पड़ता, वहीं कुछ लोग इस मौसम में सर्दी-जुकाम और फ्लू से ग्रस्त हो जाते हैं। इसलिए इस मौसम में को फ्लू सीजन या पोलन सीजन भी कहा जाता है। अगर आप भी पोलन एलर्जी से ग्रस्त हैं, तो आपके लिए जरूरी है इससे बचाव के उपायों के बारे में जानना।

**पहले समझिए क्या होता है पोलन सीजन**-पोलन सीजन वसंत के आने के साथ ही शुरू हो जाता है। हर तरफ पेड़-पौधों पर नए पत्ते और फूलों की बहार नजर आने लगती है। यही पोलन कुछ लोगों में एलर्जी की वजह बनता है। फूलों में पाउडर जैसे छोटे कण होते हैं, इन्हें ही पोलन या परागकण कहते हैं। यह फूलों या वनस्पति को निषेचित करने का काम करता है। जब मधुमक्खी या तितली एक फूल से दूसरे फूल पर बैठती है, तो उनके पैरों पर ये छोटे कण जिसे पोलन कहा जाता है चिपक जाते हैं। यह एक ही प्रजाति के फूल को निषेचित या फर्टाइल करता है, जिससे फूलों और फलों का तादाद में वृद्धि होती है।ये पोलन इतने छोटे होते हैं कि हवा में भी उड़ते हैं और जब हम सांस लेते हैं तो ये हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं।

धर्म दर्शन

## ब्रज में होली की हो गई शुरुआत, अगले दिनों में मचेगी ऐसी होली, खूब बरसेंगे लड्डू और लट्ठ

होली की तारीख जैसे-जैसे करीब आ रही है ब्रज में होली की तैयारियां और तेज होती जा रही है। दरअसल ब्रज में होली का पर्व ऐसा मनाया जाता है कि दुनिया भर में इसका रंग छा जाता है। दुनिया भर से लोग ब्रज की होली देखने आते हैं। और ऐसा हो भी तो क्यो न यहां रंगोत्सव 40 दिनों तक मनाया जाता है, जिसका शुभारंभ वसंत पंचमी से हो जाता है। वसंत पंचमी को ब्रज में होली का ढाड़ा गाड़े जाते हैं और इस तरह होली महोत्सव की शुरुआत हो जाती है। ब्रज के मंदिर में सुबह सुबह भगवान कृष्ण को अबीर गुलाल लगाने की परंपरा भी शुरू कर दी गई है। वैसे तो होली के प्रमुख कार्यक्रम 27 फरवरी दिन सोमवार से शुरू होंगे लेकिन ब्रज भूमि में अभी से चारों तरह होली की रौनक देखने को मिल रही है।



**ब्रज में रंगोत्सव 2023 की तैयारियां शुरू** प्रदेश सरकार की तरफ से भी ब्रज में रंगोत्सव 2023 को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। हर बार की तरह इस बार भी होली पर देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के ब्रज आने की उम्मीद है। इस बार बरसाना की प्रसिद्ध लड्डू होली 27 फरवरी को होगी तो अगले दिन 28 फरवरी को बरसाना की लठमार होली खेली जाएगी। बरसाना की होली के बाद 1 मार्च को नंदगांव में लठमार होली का आयोजन होगा।

**बरसाना में दिखेगी होली की अलग ही झलक** होली को लेकर यूं तो तमाम जगह रंगोत्सव के तहत सांस्कृतिक एवं अन्य कार्यक्रम कराने की रूपरेखा है, लेकिन लड्डू होली और लठमार होली के दौरान बरसाना आने वाले श्रद्धालुओं और विदेशी पर्यटकों को यहां अलग ही झलक देखने को मिलेगी। बरसाना में 27 फरवरी से ही दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। 6 अलग-अलग स्थानों पर स्टेज बनाकर लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, 6 सेल्फी पॉइंट बनेंगे, बरसाना के सभी मार्गों को सजाया जाएगा, प्रवेश द्वार बनेंगे, प्रिया कुंड की सजावट होगी और लोकनृत्य समूहों की ओर से गलियों में नृत्य प्रदर्शन किया जाएगा।

**वृंदावन में उड़ेगा क्विंटलों अबीर और गुलाल** रंगभरनी एकादशी के अवसर पर 3 मार्च को वृंदावन स्थित बांके बिहारी मंदिर में ठाकुरजी अपने भक्तों संग होली खेलेंगे। इसके साथ ही इस मौके पर देश-विदेश से आए श्रद्धालु-पर्यटक वृंदावन की परिक्रमा भी करेंगे, जिसमें जमकर अबीर-गुलाल उड़ेगा। सुबह से शुरू होकर देर रात तक परिक्रमा का सिलसिला जारी रहता है। वहीं एकादशी पर ही मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर भी होली खेली जाएगी। 4 मार्च को गोकुल में छड़ी मार होली का आयोजन किया जाएगा। गोकुल में भगवान कृष्ण बाल स्वरूप में थे इसलिए यहां छड़ी का प्रयोग मारने के लिए किया जाता है।

## शादी के बाद बेटियों को क्यों नहीं देना चाहिए अचार? जानिए कारण

हिंदू विवाह सिर्फ लड़के और लड़की का विवाह ही नहीं होता है, बल्कि दो परिवार भी जुड़ते है। इसी के कारण एक लड़की को ससुराल के साथ-साथ मायके के कुछ रिवाजों को जिंदगी भर निभाना पड़ता है। हर मां-बाप का ये सपना होता है कि जह घर में उनकी बेटी जा रही है वहां वह हमेशा सुख रहें। परिवार के हर समस्या से खूब प्यार मिले और हमेशा अच्छी सेहत रहें। लेकिन कई बार हम ऐसी गलती कर देते है जिसका असर लड़की के साथ-साथ मायके वालों को भी झेलना पड़ता है। आपने कई बार सुना होगा कि शादीशुदा बेटी को कभी भी अचार नहीं देना चाहिए। आमतौर पर लोग इसे अनदेखा कर देते हैं। लेकिन जानिए आखिर क्यों बेटी को अचार ससुराल लेकर नहीं जाना चाहिए।

**शादीशुदा बेटी को क्यों नहीं देना चाहिए अचार** शास्त्रों के अनुसार माना जाता है कि बेटी को मायके से कभी भी किसी भी तरह का अचार लेकर नहीं जाना चाहिए। क्योंकि इससे रिश्तों में खटास उत्पन्न होती है। जिस घर में बेटी को अचार दिया जाता है। उस घर में बेटी कभी सुखी नहीं रह सकती हैं। उसको मानसिक, शारीरिक या फिर आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ससुराल से उसे किसी न किसी से ताने सुनने पड़ते हैं। अगर सास में गृह क्लेश नहीं है, तो उसे शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए बेटी को कभी भी आचार न दें।

**बेटी को विदाई के समय न दें ये चीजें** शास्त्रों के अनुसार, विदाई के समय बेटी को अचार के अलावा झाड़ू, सुई, छलनी, मिर्च आदि भी नहीं देना चाहिए। इससे अशुभ फलों की प्राप्ति होती है।

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

\- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# वह विचार, जिसके अमल का समय आया

सुप्रीम कोर्ट यह तय करने जा रहा है कि वह तलाक, भरण पोषण, उत्तराधिकार और गोद लेने के नियमों के साथ विवाह की आयु सभी के लिए एकसमान करने की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर सकता है या नहीं? पता नहीं वह किस नतीजे पर पहुंचेगा, लेकिन यह वह विचार है, जिसे अमल में लाने का समय आ गया है। सच तो यह है कि इस विचार को अब तक क्रियान्वित कर दिया जाना चाहिए था। यदि इस विचार पर अमल होता है तो एक तरह से समान नागरिक संहिता के लक्ष्य को हासिल कर लिया जाएगा। इस लक्ष्य की ओर बढ़ना केवल इसलिए आवश्यक नहीं है, क्योंकि यह समय की मांग है, बल्कि इसलिए भी है कि संविधान निर्माताओं ने ऐसी ही अपेक्षा व्यक्त की थी। दुर्भाग्य से इस दिशा में किसी भी केंद्र सरकार ने कोई ठोस पहल नहीं की और वह भी तब जब गोवा में यह संहिता लागू है। फिलहाल उत्तराखंड और गुजरात की सरकारें समान नागरिक संहिता बनाने के लिए प्रयासरत हैं। उनकी इस पहल का विरोध भी हो रहा है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस विरोध को खारिज कर एक तरह से इसकी अनुमति दे दी कि राज्य सरकारें चाहें तो समान नागरिक संहिता का निर्माण कर सकती हैं। कहना कठिन है कि उत्तराखंड और गुजरात की सरकारें समान नागरिक संहिता की दिशा में जो प्रयास कर रही हैं, उसमें कब तक सफल होंगी, लेकिन आवश्यकता तो इसकी है कि ऐसी पहल केंद्र सरकार करे। क्या वह इस दिशा में सक्रिय है? इस प्रश्न का उत्तर देना इसलिए कठिन है, क्योंकि केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू की ओर से इतना भर कहा गया है कि 22वां विधि आयोग इस विषय यानी समान नागरिक संहिता पर विचार कर सकता है। इस विषय पर 21वां विधि आयोग विचार कर रहा था, लेकिन उसके किसी नतीजे पर पहुंचने के पहले ही उसका कार्यकाल समाप्त हो गया। आशा की जा रही है कि नया विधि आयोग पुराने आयोग के काम को आगे बढ़ाएगा। यह काम न केवल आगे बढ़ना चाहिए, बल्कि समान नागरिक संहिता का कोई मसौदा तैयार होना चाहिए, ताकि देश की जनता यह जान-समझ सके कि इस संहिता के माध्यम से क्या परिवर्तन होने वाले हैं और वे उसके लिए कितने लाभकारी होंगे। ये परिवर्तन वैसे तो सभी के लिए लाभकारी होंगे, लेकिन सबसे अधिक लाभ महिलाओं और बच्चों को होगा।


राम गोपाल सैनी

# पत्नी की बेवफाई पर बच्चे के डीएनए टेस्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कही बड़ी बात

**नई दिल्ली (हमारा वतन)।** वैवाहिक संबंधों में बेवफाई के शक को साबित करने के लिए नाबालिग बच्चों की डीएनए टेस्टिंग को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी बात कही है। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि इस तरह का शॉर्टकट अपनाना सही नहीं है। इससे निजता के अधिकार का हनन होता है और बच्चों पर मानसिक रूप से बुरा असर पड़ सकता है। कोर्ट ने कहा कि यह ट्रेंड बढ़ता जा रहा है कि पति-पत्नी में बेवफाई का शक होने के बाद वे बच्चों की डीएनए टेस्टिंग की बात करने लगते हैं। जस्टिस वी रामासुब्रमण्यम और बीवी नागारत्ना ने कहा, बच्चों को भी इस बात का अधिकार है कि खुद को जायज ठहराने के लिए वे अपनी निजता से समझौता ना करें। यह निजता के अधिकार का प्रमुख अंग है। इसलिए कोर्ट को भी इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि बच्चे कोई वस्तु नहीं हैं जिनका डीएनए टेस्ट करा लिया जाए। खासकर तब जब कि वे किसी तलाक के केस में पार्टी भी नहीं हैं।

बेंच एक महिला की याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसने 2021 के बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी। बॉम्बे हाई कोर्ट ने बच्चे का डीएनए टेस्ट कराने का आदेश दे दिया था। इसी तरह का आदेश अगस्त 2021 में पुणे कोर्ट ने भी दिया था। साल 2017 से ही इस दंपत्ति की तलाक याचिका लंबित है। हाई कोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए जज ने आदेश में कहा, डीएनए टेस्टिंग के सवाल पर हमें बच्चे की तरफ से सोचने की जरूरता है ना कि उसके मां-बाप की तरफ से। बच्चे यह साबित करने का जरिया नहीं हो सकते कि उनके मां-बाप नाजायज संबंध रखते थे। यह पति का काम है कि वह दूसरे प्रमाणों से बेवफाई की बात साबित करे। इसके लिए बच्चे के अधिकारों का बलिदान दे देना ठीक नहीं है।



कोर्ट ने पाया कि इस तरह के मामले अकसर फैमिली कोर्ट के पास आते हैं कि पत्नी की बेवफाई साबित करने के लिए पति डीएनए टेस्टिंग की मांग करते हैं।

इसके बाद साबित होने पर हिंदू मैरिज ऐक्ट के तहत तलाक की अर्जी स्वीकार कर ली जाती है। जस्टिस नागारत्ना ने कहा, किसी बच्चे की डीएनए टेस्टिंग करनो पर अगर उसे इस बात का पता चलता है कि उसका पिता कोई ऐसा शख्स है जिसे वह जानता तक नहीं है तो इससे उसकी मानसिक सेहत पर बुरा असर पड़ता है। मासूम बच्चों को इस तरह का तनाव नहीं दिया जा सकता। दंपत्ति की शादी 2005 में हुई थी और तीन साल बात पहले बच्चे का जन्म हुआ था। पति ने दूसरे बच्चे का डीएनएस टेस्ट करने की बात की थी। उसे शक था कि पत्नी का किसी और शख्स से संबंध है। पति ने प्राइवेट स्तर से डीएनए टेस्ट करवाया भी था और इसमें पता चला था कि वह बच्चे का बॉयोलॉजिकल फादर नहीं है।

## खनिज ब्लॉकों की नीलामी के लिए अब होगी एग्रेसिव मार्केटिंग

# सोशल मीडिया सहित प्रचार-प्रसार माध्यमों का होगा उपयोग:अग्रवाल

जयपुर(नि.सं.)। प्रदेश में खनिज ब्लॉकों की नीलामी के लिए अब एग्रेसिव मार्केटिंग की जायेगी जिसमें आधुनिकतम प्रचार-प्रसार माध्यमों का उपयोग किया जाएगा जिससे राजस्व में बढोतरी होगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम डॉ. सुबोध अग्रवाल ने गुरूवार को सचिवालय में राजस्थान स्टेट मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट की एक्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में प्रचुर मात्रा में खनिज संपदा है। खनिज ब्लॉक की नीलामी के लिए एग्रेसिव मार्केटिंग से राज्य सरकार को अधिक राजस्व प्राप्त होगा। डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि माइंस विभाग द्वारा पारदर्शी व्यवस्था के तहत भारत सरकार के पोर्टल पर ई-नीलामी की जाती है, इससे देश दुनिया में कहीं से भी इच्छुक व्यक्ति अथवा कम्पनी नीलामी में हिस्सा ले सकते हैं। अब मिनरल ब्लॉक के स्थान, क्षेत्रफल, संभावित डिपोजिट व नीलामी की दिनांक सहित सभी आवश्यक जानकारी का समावेश करते हुए प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया और प्रचार-प्रसार की अन्य आधुनिकतम तकनीक का उपयोग करने का भी निर्णय लिया गया है। ड्रोन के माध्यम से क्षेत्रा की तस्वीर, वीडियो क्लिपिंग्स व डिटेल्स तैयार कर वाट्सएप, फेसबुक, यू-ट्यूब, ई-मेल व अन्य माध्यमों से प्रचार-प्रसार किया जाएगा ।





# राजस्थान में गृह मंत्रालय को बंद करने का समय: केंद्रीय मंत्री शेखावत

जयपुर(नि.सं.)। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर अशोक गहलोत सरकार पर हमला बोला और कहा कि राज्य के गृह मंत्रालय को बंद कर देना चाहिए। गृह मंत्रालय का नेतृत्व स्वयं मुख्यमंत्री करते हैं। राजस्थान के भरतपुर में एक व्यवसायी पर गोली चलने की घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शेखावत ने कहा कि राज्य में हर रोज गोलीबारी के मामले सामने आ रहे हैं और मुख्यमंत्री सिर्फ अपनी सुरक्षा में लगे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ऐसा मुख्यमंत्री कभी जनता की रक्षा नहीं कर सकता। राज्य के गृह मंत्रालय को बंद करने का समय आ गया है। भरतपुर में एक व्यवसायी पर गोली चलाने की घटना उनकी विफलताओं की संख्या में एक और वृद्धि है।

मुख्यमंत्री के वादों को झूठा करार देते हुए शेखावत ने कहा, राहुल गांधी को 10 से आगे गिनना नहीं आता, वरना आज वह अपनी ही पार्टी के झूठे वादों को गिना रहे होते। वहीं अगर गहलोत को लाई डिटेक्टर मशीन पर बिठा दिया जाए तो उनके कुछ कहने से पहले ही लाल बत्ती जल जाएगी।

सीएचओ (सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी) भर्ती परीक्षा के पेपर लीक पर शेखावत ने कहा, वे एक परीक्षा को संभालने में असमर्थ हैं और घोषणाओं के लिए कतार में हैं।

# (कविता) आग की

बदल ही जाती तपिश
ए -ख़यालात आग की
गर बर्तन न होता तो पानी बताता
औकात आग की
जिसपे तपिश पड़ी उसकी
फ़ितरत बदल गयी
वैसे खाक कर देना ही
है जात आग की
मुझको उबाल कर तूँ धुआँ
है कर रहा
ये कह के सुन रहा था
आब राग आग की
फिर उबलते हुए आब ने
बर्तन से ये कहा
तूँ हट तो कर दूँ आग
पर बरसात आग
आज उड़ रहा हूँ तो
बरसूंगा एक दिन
फिर आग को मुबारक
जज्बात आग की
हश्र -ए - जिंदगी अब
चाहे जो भी हो
पानी में बंट रही है
अब खैरात आग की
आए जमीं पर पेट में
थी भूख आग की
और अंत में बस
होगी हर बात आग की


-सिद्धार्थ गोरखपुरी




RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा